(b) if the answer to part (a) above be in the affirmative, what is the minimum percentage, if any, of investment by financial institutions *vis-a-vis* total capital of the company for such representation on the Boards of Companies; and

(c) what are the names of the companies in which the financial institutions are being represented as a result of such policy?

THE MINISTER OF FINANCE (PROF. MADHU DANDAVATE): (a) and (b) The Financial Institutions appoint their nominees on all MRTP Companies as per the existing guidelines in this behalf. As regards, non-MRTP Companies, nominees are appointed, *inter alia*, where institutional shareholding is 26 per cent or more and where institutional stake by way of term loan|investment exceeds Rs. 5,00 crores.

(c) The names of Companies where institutional nominees are appointed is being collected and will be laid on the Table of the House.

पर्यटक केन्द्र के रूप में इलाहाबाद का विकास

2139. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **पर्यटन** मंत्री 28 दिसम्बर, 1989 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 414 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इलाहाबाद में नेहरू घाट, फास्ट फूड काउन्टर और यात्री निवास के विकास के संबंध में अभी तक कितनी प्रगति हुई है ; और

(ख) इन योजनाओं के कब तक पूरा हो जाने की संभावना है ?

वाणिज्य और पर्यटन मंत्री (श्री अरुण कुमार नेहरू) : (क) और (ख) "फास्ट फूडकाउंटर" इलाहाबाद में 1988–89 में कुंभ मेले के दौरान खोला गया था । अन्य दो परियोजनाओं का कार्यनिष्पादन उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है । यात्री निवास भवन का निर्माण कार्य चल रहा है तथा यह "कुर्सी-स्तर" तक पहुंच गया है । नेहरू घाट का विकास कार्य अभी शुरू नहीं किया गया है । राज्य सरकार से पता चला है कि ये दोनों परियोजनाएं जून, 1991 तक पूरी हो जाएंगी ।

विधान सभाओं के चुनाव

2140. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हाल ही में 27 फरवरी, 1990 को हुए राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्र पांडिचेरी के विधान सभाओं के चुनावों में कितने उम्मीदवारों ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन-पत्र दाखिल किए थे;

(ख) उनमें से कितने उम्मीदवार निर्वाचित हुए और कितनों की जमानत जब्त हो गई; और

(ग) क्या सरकार गैर-संजीदा उम्मीदवारों को चुनावों में भाग लेने से हतोत्साहित करने के लिए निर्वाचन संबंधी कानूनों में कुछ संशोधन करने का विचार रखती है?

ऊर्जा मंत्री साथ में नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ मोहम्मद खान) : (क) और (ख) निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी संलग्न विवरण में दी गई है ।

(ग) जी हां ।